बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के छठे वर्ग में नामांकन हेतु आयोजित प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा का परिणाम कल दिनांक 16.01.2021 को समिति के वेबसाइट पर होगा जारी; मुख्य परीक्षा दिनांक 30.01.2021 को पटना जिला के 02 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा आयोजित

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के छठे वर्ग (सत्र 2021—22) में नामांकन हेतु दिनांक 17.12.2020 को आयोजित प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल कल दिनांक 16.01.2021 को समिति के वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

2. इस संबंध में श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बताया कि प्रारम्भिक परीक्षा में सफल 600 बालक एवं 600 बालिकाओं का कोटिवार परीक्षाफल समिति के वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर कल दिनांक 16.01.2021 के अपराह्न से जारी कर दिया जाएगा। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थी मुख्य प्रवेश परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होंगे, जिसका आयोजन पटना जिला के 02 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 30.01.2021 को किया जाएगा।

3. मुख्य प्रवेश परीक्षा में दो पेपर होंगे— पेपर—1 का आयोजन पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक तथा पेपर—2 का आयोजन अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक किया जाएगा।

4. प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा के चयनित परीक्षार्थियों का मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड भी समिति के वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर कल दिनांक 16.01.2021 के अपराह्न से अपलोड रहेगा, जिसे विद्यार्थी या उनके अभिभावक अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

5. मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को निदेश :—

(i) परीक्षार्थी को दोनों पालियों में परीक्षा प्रारम्भ होने से दस (10) मिनट पूर्व तक परीक्षा कक्ष में प्रवेश करना अनिवार्य होगा अन्यथा विलम्ब होने की स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी अर्थात् प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:50 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 01:50 बजे तक ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।

(ii) प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा में होंगे।

(iii) मुख्य प्रवेश परीक्षा दो पत्रों की होगी। प्रत्येक पत्र 150—150 अंकों अर्थात् कुल 300 अंकों का होगा।

(iv) पेपर-I में (a) गणित–100 अंकों के विषयनिष्ठ (Subjective) एवं (b) बौद्धिक क्षमता 50 अंकों के वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्न होंगे। पेपर-I के लिए परीक्षार्थी को गणित 100 अंकों के लिए 24 पृष्ठों वाली उत्तरपुस्तिका दी जायेगी। बौद्धिक क्षमता 50 अंकों के लिए ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक दी जाएगी। बौद्धिक क्षमता के प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प होंगे जिसके लिए निर्धारित चार गोलकों में से एक सही उत्तर वाले गोलक को परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण रूप से साफ–साफ काला/नीला बॉल पेन से रंगना होगा।

(v) पेपर-II में (a) हिन्दी–40, (b) अंग्रेजी–40, (c) विज्ञान–40 एवं (d) सामाजिक विज्ञान–30 अंक अर्थात् कुल–150 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे, जिसके लिए एक ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक दी जायेगी। प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प होंगे जिसके लिए निर्धारित चार गोलकों में से एक सही उत्तर वाले गोलक को परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण रूप से साफ–साफ काला/नीला बॉल पेन से रंगना होगा।

(vi) प्रश्नों का स्तर बिहार सरकार, शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर पाँचवीं स्तर का होगा।

(vii) गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे अर्थात् Negative Marking नहीं होगी।

(viii) परीक्षा भवन में कैलकुलेटर, मोबाईल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रयोग वर्जित रहेगा।

(ix) ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर व्हाईटनर, ईरेजर, ब्लेड, नेल आदि का प्रयोग वर्जित है, जिसका प्रयोग किये जाने पर परीक्षाफल Invalid कर दिया जाएगा।

6. कोविड–19 से संबंधित निदेश :–

1. परीक्षार्थी स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कोविड–19 के मद्देनजर समय–समय पर जारी दिशा–निदेश का अनुपालन करेंगे। साथ ही परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश/निकासी के समय सामाजिक दूरी का भी अनुपालन करेंगे।
2. परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक है कि कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए मास्क, सैनिटाइजर एवं पारदर्शी पानी का बोतल अपने साथ लेकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे।
3. परीक्षार्थी के शरीर के तापमान की जाँच परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के समय की जाएगी तथा शरीर का तापमान 99.14 F से ज्यादा होने पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।